Regarding need to give ownership rights of the forest lands cultivated by tribals-laid

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच): देश के फॉरेस्ट एरिया में जिन आदिवासियों का वन भूमि के पट्टों पर अपना कब्जा था, ऐसे हजारों आदिवासियों को सरकार ने जमीन का अधिकार दिलवाया है और अधिकार पत्र भी दे दिए हैं । ऐसे कई आदिवासियों का वन भूमि पर कब्जा है, जो वहां खेती कर रहे हैं और अपने परिवार के साथ अच्छा जीवन यापन कर रहे हैं । मेरा सरकार से आग्रह है कि जिन आदिवासियों का वन भूमि पर कब्जा है ऐसे लोगों को तत्काल उनकी जमीन के पट्टे दे दिए जाएं और उनके नाम पर उसे जमीन की रजिस्ट्री करने हेतु तत्काल कदम उठाए जाएं ।